प्रपत्र–11

परियोजना का नाम– जनपद पिथौरागढ में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, डीडीहाट आदिचौरा पी0डब्लू0डी0 मोटर मार्ग से हुनैरा मोटर मार्ग किमी0 0.00 से 9.00तक निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

वन भूमि की मांग का औचित्य सहित आख्या।

भारत सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में 250 से अधिक जनसंख्या वाली बसावटों को संयोजित किये जाने हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, संचालित है। उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश संख्या 1414/पी0–14/यू0आर0आर0डी0ए0/14 दिनांक 07.08.2014 द्वारा हुनैरा विकास खण्ड डीडीहाट, जिसकी जनसंख्या 425है, को संयोजित किये जाने हेतु उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त बसावट विकास खण्ड मुख्यालय से 16.00 किमी0 दूर स्थित है। उक्त बसावट की न्यूनतम दूरी आदिचौरा हुनैरा मोटर मार्ग से है। अतः उक्त बसावट को संयोजित किये जाने हेतु आदिचौरा मो0मा0 से हुनैरा तक संयोजित किया जाना उचित होगा, जिससे उक्त बसावट की विकास खण्ड मुख्यालय से न्यूनतम दूरी होगी। अतः प्रस्तावित मार्ग के लिए आदिचौरा हुनैरा होते हुये समरेखण चामाचौड स्कूल तक प्रस्तावित किया गया है। उक्त मार्ग हेतु अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है। अतः अन्य वैकल्पिक भूमि न होने, प्रस्तावित समरेखण में वन भूमि कम होने, वृक्षों की संख्या कम होने, अधिकतम जनसंख्या एंव बसावट लाभान्वित होने, उचित ग्रेडिरन्ट प्राप्त होने, न्यूनतम लम्बाई होने, हेयर पिन बैण्ड न्यूनतम होने एंव भूगर्भीय स्थिति उचित होने के कारण उक्त वन भूमि से मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

कनिष्ट अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
पी0आई0यू0,पी0एम0जी0एस0वाई0
डीडीहाट(पिथौरागढ़)

सहायक अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
पी0आई0यू0,पी0एम0जी0एस0वाई0
डीडीहाट(पिथौरागढ़)

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
पी0आई0यू0,पी0एम0जी0एस0वाई0
डीडीहाट(पिथौरागढ़)

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़

पुष्पा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत हुनैरा
वि0ख0–डीडीहाट
पिथौरागढ़

बहादुर सिंह
अध्यक्ष/सरपंच
ग्राम वन समिति -हुनैरा
डीडीहाट (पिथौरागढ़)